हॉर्स जॉकी रूपा सिंह की बायॉपिक को लेकर बोलीं तापसी पन्नू

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कुछ समय से तापसी को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म चल रहा था कि वे जल्द ही हॉर्स जॉकी रूपा सिंह की बायॉपिक में नजर आएंगी। दरअसल, खबर थी कि फिल्म नाम शबाना के निर्देशक शिवम नायर ने उन्हें पहली भारतीय महिला हॉर्स जॉकी रूपा सिंह की जिंदगी पर बेस्ड फिल्म के लिए अप्रोच किया है और तापसी को यह आइडिया काफी पसंद भी आया है। जब हमने तापसी से इस बारे में पूछा, तो तापसी ने बताया, यह खबर गलत है। मैं ऐसी कोई बायॉपिक नहीं कर रही हूं। मेरे पास ऐसी कोई भी स्क्रिप्ट आई ही नहीं है। सबसे हैरानी की बात यह है कि कहां-कहां से लोग मेरे डायरेक्टर्स (जिनके साथ मैं काम कर रही हूं) को जाकर बोल रहे हैं कि तापसी तो जनवरी से मार्च तक हमारे साथ शूट कर रही है। इससे वे परेशान हो गए हैं और पूछ रहे हैं कि मैं उनके साथ ऐसा कैसे कर सकती हूं। इतनी अजीब-अजीब अफवाहें भी उड़ रही हैं। हालांकि, मैंने अपने डायरेक्टर्स को समझाया है कि मैं अपने कमिटमेंट को लेकर काफी क्लियर हूं। बताया जा रहा था कि डायरेक्टर ने इस फिल्म के लिए राइट्स ले लिए हैं और अभी फिल्म की कहानी पर काम कर रहे हैं। कहा जा रहा था कि यह प्रॉजेक्ट अगले साल फ्लोर पर आ सकता है। उम्मीद की जा रही थी कि २०२० के बीच में वह रूपा सिंह की बायॉपिक पर काम शुरू करेंगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो तापसी बहुत जल्द अपनी दो फिल्मों में नजर आनेवाली हैं, जिसमें से एक मिशन मंगल है जिसमें अक्षय कुमार, विद्या बालन और सोनाक्षी सिन्हा भी नजर आएंगी। इस फिल्म में तापसी साइंटिस्ट की भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा वह भूमि पेडनेकर के साथ महिला शार्पशूटर पर बेस्ड फिल्म सांड की आंख में नजर आनेवाली हैं।

अब पंजाबी म्यूजिक विडियो में नजर आएंगी शमिता शेट्टी

बॉलिवुड में किसी समय सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार रहीं शमिता शेट्टी पिछले काफी दिनों से रुपहले पर्दे से गायब हैं। फिल्मों में ऐक्टिंग के अलावा उन्होंने फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, डांसिंग, ट्रैवलिंग जैसे कई प्रफेशन में अपना हाथ आजमाया है। अब शमिता पंजाबी म्यूजिक विडियो में डेब्यू करने जा रही हैं। बताया जा रहा है कि शमिता के इस पंजाबी डेब्यू विडियो को उनके जीजा और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा डायरेक्टर करने जा रहे हैं। यह एक डांस नंबर होगा। शमिता इससे पहले शरारा शरारा, चोरी पे चोरी और बरस जा ऐ बादल जैसे बॉलिवुड डांस नंबर्स में नजर आ चुकी हैं। इस गाने का टाइटल तेरी मां होगा जिसकी शूटिंग एक गांव के ढाबे और एक नाइट क्लब में की जाएगी। इस पंजाबी सॉन्ग में शमिता के ऑपोजिट टिकटॉक स्टार मानव छाबड़ा दिखाई देंगे। इस बारे में बात करते हुए शमिता ने कहा, यह बहुत मजेदार पंजाबी सॉन्ग है और इसके जरिए मुझे अपना मनपसंद काम करने का मौका मिल रहा है और वह है डांस। हमने इस गाने की शूटिंग एक दिन में मुंबई में पूरी कर ली। आगे शमिता ने कहा, जीजू के साथ पहली बार काम करते हुए मुझे काफी मजा आया। अपने जानने वालों में मुझे वह सबसे जुनूनी आदमी लगते हैं और वह सरप्राइज देते रहते हैं।

केवल खानों के साथ काम करना ही सफलता का पैमाना नहीं: कीर्ति कुल्हारी

बॉलिवुड ऐक्ट्रेसकीर्ति कुल्हारी की फिल्म मिशन मंगल आने वाले 15 अगस्त को रिलीज होने वाली है। कीर्ति का कहना है कि केवल सलमान, शाहरुख और आमिर के साथ फिल्में करना ही बॉलिवुड में इकलौता सफलता का पैमाना नहीं है। कीर्ति का यह भी कहना है कि वह सभी के साथ काम करना चाहती हैं क्योंकि सबके काम करने का स्टाइल अलग है। जब कीर्ति से पूछा गया कि वह किस खान के साथ काम करना चाहती हैं तो उन्होंने कहा, मैं सभी खानों के साथ काम करना चाहूंगी क्योंकि सब एक-दूसरे से अलग हैं। मेरा विश्वास कीजिए, मैं डिप्लोमेटिक नहीं हूं। मैं सभी को पसंद करती हूं और उन्हीं की फिल्में देखकर बड़ी हुई हूं। इन सभी की अपनी स्टाइल है। उनसे पूछा गया कि क्या खानों के साथ ही काम करना ही सबसे जरूरी है तो कीर्ति ने कहा, मुझे ऐसा नहीं लगता है क्योंकि कई ऐक्टर्स अपनी तरह से काम करके आगे आए हैं। इसके अलावा हम सभी ऐक्टर्स के लिए अलग-अलग तरह के प्लैटफॉर्म्स भी मौके के रूप में सामने आए हैं। बता दें कि कीर्ति ने इससे पहले पिंक, उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक और इंदु सरकार जैसी फिल्मों में दमदार भूमिकाएं निभाई हैं। वह हॉलिवुड की मशहूर फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन के हिंदी रीमेक में भी परिणीति चोपड़ा के साथ दिखाई देंगी।